पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

**मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में सैमसंग इनोवेशन कैम्पस फेज–3 में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण–पत्र वितरित किये**

**टेक्नोलॉजी जीवन में परिवर्तन का कारक तथा व्यवसाय को तीव्र गति से आगे बढ़ाने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन करती : मुख्यमंत्री**

**प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत दुनिया को बड़ी ताकत के रूप में एहसास करा रहा**

**प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अनेक ऐसे कार्यक्रम संचालित किये गये, जिससे भारत को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में सफलता प्राप्त हुई**

**स्टार्टअप इण्डिया, स्टैण्डअप इण्डिया एवं डिजिटल इण्डिया जैसे अभियानों ने भारत को विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया**

**केन्द्र और राज्य सरकार युवाओं को स्वयं का स्टार्टअप स्थापित करने के लिए सहयोग कर रही**

**स्टार्टअप स्थापना में युवाओं को सहयोग और सपोर्ट करने के लिए प्रदेश सरकार ने 1,000 करोड़ रु0 के फण्ड ऑफ फण्ड का प्राविधान किया**

**मॉडर्न टेक्नोलॉजी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने तथा प्रत्येक नागरिक को स्वावलम्बी बनाने में मदद करती**

**युवाओं के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स फील्ड में पर्याप्त अवसर उपलब्ध**

**देश में जितना अधिक रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट होगा, वह देश और समाज उतना ही आगे बढ़ेगा**

**सैमसंग विश्व की बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पनियों में से एक, उ0प्र0 में सैमसंग का निवेश वैश्विक स्तर पर ब्राण्ड एम्बेसडर के रूप में कार्य कर रहा**

**सैमसंग इनोवेशन कैम्पस ने प्रदेश के युवाओं को इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ने का कार्य किया**

**इसके तीसरे फेज में देश के 10,000 युवाओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ जोड़ा गया, इसमें उ0प्र0 के 5,000 तथा गोरखपुर व आस–पास के क्षेत्र के 2,000 प्रशिक्षु सम्मिलित**

**सैमसंग इनोवेशन कैम्पस युवाओं को स्वावलम्बन के मार्ग पर चलने के लिए एक प्लेटफार्म प्रदान कर रहा**

**प्रदेश सरकार ने टाटा टेक्नोलॉजीज लि0 के सहयोग से 150 से अधिक राजकीय आई0टी0आई0 को इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के साथ युवाओं को जोड़ने का कार्यक्रम आगे बढ़ाया**

**लखनऊ : 01 नवम्बर, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि टेक्नोलॉजी जीवन में परिवर्तन का कारक तथा व्यवसाय को तीव्र गति से आगे बढ़ाने में निर्णायक भूमिका का

निर्वहन करती है। युवाओं के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स फील्ड में पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। हमें डे–टू–डे के कार्यों को टेक्नोलॉजी के माध्यम से और आसान बनाने की दिशा में कार्य तथा इनोवेशन करना चाहिए। विश्व में महाशक्ति वही देश बना है, जहां के युवा इनोवेशन तथा रिसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट के कार्यक्रम के साथ जुड़े हैं। देश में जितना अधिक रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट होगा, वह देश और समाज उतना ही आगे बढ़ेगा। सैमसंग इनोवेशन कैम्पस ने प्रदेश के युवाओं को इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री जी आज जनपद गोरखपुर में सैमसंग इनोवेशन कैम्पस फेज–3 में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण–पत्र वितरित करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। ज्ञातव्य है कि सैमसंग इण्डिया द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल ऑफ इण्डिया के सहयोग से संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स, बिग डाटा, इण्टरनेट ऑफ थिंग्स, एवं कोडिंग एण्ड प्रोग्रामिंग जैसी इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षण प्राप्त 1,600 से अधिक प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र का वितरण किए गये।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सैमसंग विश्व की बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पनियों में से एक है। सैमसंग का निवेश उत्तर प्रदेश में वैश्विक स्तर पर ब्राण्ड एम्बेसडर के रूप में कार्य कर रहा है। सैमसंग इनोवेशन कैम्पस के माध्यम से सी0एस0आर0 फण्ड के सहयोग से देश के 10,000 युवाओं को तीसरे फेज में प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ जोड़ा गया है। इसमें उत्तर प्रदेश के 5,000 तथा गोरखपुर व आस–पास के क्षेत्र के 2,000 प्रशिक्षु सम्मिलित हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार युवाओं को स्वयं का स्टार्टअप स्थापित करने के लिए सहयोग कर रही है। सैमसंग इनोवेशन कैम्पस युवाओं को स्वावलम्बन के मार्ग पर चलने के लिए एक प्लेटफार्म प्रदान कर रहा है। इसके माध्यम से युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं का स्टार्टअप स्थापित कर सकते हैं, जो युवा इस दिशा में कार्य करना चाहते हैं उनका सपोर्ट तथा सहयोग करने के लिए प्रदेश सरकार ने 1,000 करोड़ रुपये के फण्ड ऑफ फण्ड का प्राविधान किया है। इण्डस्ट्री और इन्स्टीट्यूशन के सहयोग तथा कोलबोरेशन से युवाओं को इंटर्नशिप करने का अवसर प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शैक्षिक संस्थाओं में छात्र को केवल सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त होता है। सैमसंग इनोवेशन कैम्पस जैसे कार्यक्रम युवाओं को प्रयोगात्मक या व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कराते हैं। यही ज्ञान जीवन के लिए आवश्यक होता है। भारत में इस प्रकार के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इनोवेशन कैम्पस के माध्यम से युवा ए0आई0 इण्टरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डाटा की जानकारी प्राप्त कर उसका व्यावहारिक प्रयोग कर सकते हैं। थ्योरी के साथ–साथ व्यावहारिक प्रयोग से युवाओं के लिए उपयोगी होगा। इनोवेशन कैम्पस जीवन को तकनीक के साथ जोड़कर सहज और सरल बनाने में योगदान दे सकती है। आज के समय की मांग के अनुरूप तकनीक इसमें सहायक सिद्ध हो सकती है। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग फैकल्टी और आई0टी0एम0 गीडा से जुड़े युवाओं ने अपने इनोवेशन को प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

मुख्यमंत्री जी ने युवाओं का आह्वान किया कि वह इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के साथ जुड़ें। मॉडर्न टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण अर्थव्यवस्था को बढ़ाने तथा प्रत्येक नागरिक को स्वावलम्बी

बनाने में मदद करती है। प्रदेश के युवा विकसित भारत के निर्माण में सकारात्मक दिशा में इमर्जिंग टेक्नोलॉजी का उपयोग कर आगे बढ़े। ईज ऑफ लिविंग में तकनीक बहुत सहायक होती है। इसके दृष्टिगत राज्य सरकार स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत 02 करोड़ युवाओं को निःशुल्क टैबलेट/स्मार्टफोन उपलब्ध कराने का कार्यक्रम आगे बढ़ा रही है। भारत और उत्तर प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण है कि जब दुनिया में बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है, तब भारत दुनिया में सबसे युवा आबादी वाला राष्ट्र है। भारत में उत्तर प्रदेश सबसे युवा आबादी वाला राज्य है। कुल आबादी की 56 से 60 प्रतिशत आबादी, वर्किंग युवाओं की फोर्स है, जो बेहतर कार्य करने की सामर्थ्य रखती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत दुनिया को बड़ी ताकत के रूप में एहसास करा रहा है। लीडरशिप वही होती है, जो अपने कार्यपद्धति के माध्यम से देश के परसेप्शन को बदलने का सामर्थ्य रखती हो। जब समाज लीड करता है, तो वह प्रोग्रेस करता है। भारत दुनिया में सबसे अधिक मोबाइल फोन और इण्टरनेट की सुविधा प्राप्त करने वाला देश है। भारत की कुल मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग का 55 प्रतिशत तथा इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स का 60 प्रतिशत निर्माण उत्तर प्रदेश में हो रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पी0एम0 इण्टर्नशिप और सी0एम0 इण्टर्नशिप स्कीम के साथ प्रदेश के युवाओं को जोड़ने की कार्यवाही की जाए। युवाओं के लिए कैम्पस सिलेक्शन आयोजित किये जाएं, जिसके माध्यम से उन्हें अच्छा पैकेज प्राप्त हो सके। इससे युवा प्रधानमंत्री जी के विचारों के अनुरूप स्टार्टअप संस्कृति को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकेंगे। प्रधानमंत्री जी का मानना है कि हमारे पास स्केल बहुत है और उसे अब स्किल करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 आज इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसकी भूमिका और बढ़ सकती है यदि प्रदेश की सभी संस्थाएं, तथा विश्वविद्यालय इसे समयबद्ध तरीके से लागू करें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व भारत पहचान के संकट से गुजर रहा था। भ्रष्टाचार चरम पर था। दुनिया में देश के प्रति सम्मान समाप्त हो चुका था तथा युवा अपनी पहचान के लिए मोहताज हो रहे थे। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अनेक ऐसे कार्यक्रम संचालित किये गये, जिससे भारत को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में सफलता प्राप्त हुई। स्टार्टअप इण्डिया, स्टैण्डअप इण्डिया एवं डिजिटल इण्डिया जैसे अभियानों ने भारत को विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ, इसके लिए सरकार ने निरन्तर अभिनव प्रयास किये। प्रयासों को सहजता तथा सरलता के साथ आगे बढ़ाया गया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने टाटा टेक्नोलॉजीज लि0 के सहयोग से वोकेशनल एजुकेशन के अन्तर्गत 150 से अधिक राजकीय आई0टी0आई0 को इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के साथ युवाओं को जोड़ने का बड़ा कार्यक्रम आगे बढ़ाया है। आज न केवल वोकेशनल एजुकेशन में, बल्कि टेक्निकल एजुकेशन को आगे बढ़ाने की दिशा में प्रयास प्रारम्भ किये गये हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने तथा समस्या का समाधान निकालने के दो ही मार्ग हो सकते हैं। एक मार्ग है समाधान निकालना तथा दूसरा पलायन

करना। सबसे बड़ी विडंबना है कि हम समस्या पर चर्चा करते हैं समाधान की नहीं। जीवन में सफलता का मार्ग समाधान से ही प्रशस्त होता है। अपनी कमियों को न देखकर हम दूसरों की कमियों को उजागर करने का प्रयास करते हैं। परिणामस्वरूप समस्या असाध्य हो जाती है, उसका कभी समाधान नहीं होता। अगर आप सफलता प्राप्त करना चाहते हैं, तो समस्या के समाधान पर चर्चा करनी होगी।

मुख्यमंत्री जी ने ट्रैफिक जाम की समस्या पर चर्चा करते हुए कहा कि लोग वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट न लगाकर तथा कान में ईयरफोन लगाकर यातायात के नियमों का उल्लंघन करते हैं। ट्रैफिक के नियम नागरिकों की सुविधा तथा सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। यह नियम तभी सार्थक है जब हम उसका सामूहिक पालन करते है। यदि किसी जगह जाम लगा हुआ है तो यह तथ्य निहित है कि किसी न किसी में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया है। ट्रैफिक के नियमों का पालन न करना जाम का कारक होता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्तमान में पूरा विश्व पर्यावरण की समस्या तथा चुनौती का सामना कर रहा है। पराली प्रबन्धन के लिए सरकार ने अनेक व्यवस्थाएं की हैं तथा जनजागरूकता जैसे कार्यक्रम चलाए हैं। पराली तथा कूड़े को जलाने से खतरनाक गैसें निकलती हैं, जो पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाती हैं। आज पराली जलाने के कारण दिल्ली गैस चेम्बर बनी हुई है। प्रत्येक जीव और जन्तु पर्यावरण का अभिन्न हिस्सा है। जिन लोगों को श्वास की समस्या है, उन्हें चिकित्सकों ने घर में रहने की सलाह दी है।

पूर्व के समय में पूरा गांव तथा कस्बा मिलकर साफ–सफाई का स्वयं कार्य करते थे। कूड़े को खाद के गड्ढे में इकट्ठा करते थे, जो बाद में कम्पोस्ट बन जाता था। उसे खेतों में डाल देते थे, जिससे खेत की उर्वरता बनी रहती थी और साथ–साथ कूड़ा प्रबन्धन की समस्या का स्वतः समाधान हो जाता था। स्वतःस्फूर्त भाव के साथ व्यवस्था संचालित होती थी।

कार्यक्रम के दौरान सैमसंग इनोवेशन फेज–3 के मिशन और उसके प्रभावों पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम को सैमसंग इण्डिया के सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के सी0ई0ओ0 एवं प्रेसीडेन्ट श्री जे0बी0 पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल ऑफ़ इण्डिया (ई0एस0एस0सी0आई0) के चेयरमैन श्री विनोद शर्मा एवं दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 पूनम टण्डन ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर सांसद श्री रवि किशन शुक्ल, विधायक श्री विपिन सिंह, श्री प्रदीप शुक्ला, श्री श्रीराम चौहान, डॉ0 विमलेश पासवान, इं0 सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

———————

***PN-CM-Gorakhpur Visit-Samsung Innovation Campus-01 November, 2025.doc***